दिनांक: 20.08.2024
समय : 01:00 पी.एम.
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार के अस्पतालों और संस्थानों के सभी प्रमुखों को पत्र लिखकर पर्याप्त व्यवस्थाएं करने को कहा है। मंत्रालय ने अस्पतालों के प्रवेश, निकासी, गलियारे तथा संवदेनशील क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थानों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए हैं। आपात स्थितियों में तत्काल प्रतिक्रिया के लिए एक नियंत्रण कक्ष भी बनाने को कहा गया है। पत्र में यह भी कहा गया है कि उचित निगरानी, गश्ती और अस्पताल परिसरों की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड की तैनाती की जानी चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि अधिकृत कर्मचारियों को प्रवेश और निकास द्वार पर कडी निगरानी के बाद अनुमति दी जानी चाहिए। ड्यूटी के दौरान अस्पताल के सभी कर्मचारियों के लिए पहचान पत्र दिखाए जाने को अनिवार्य करने के साथ ही सभी आगुंतकों की निगरानी के लिए पर्याप्त प्रबंध किए जाने चाहिए। सभी अस्पताल परिसरों में स्वास्थ्य सेवा कर्मचारियों के विरूद्ध हिंसा रोकने के लिए राज्यों को सजा का प्रावधान करने को भी कहा गया है। डॉक्टर्स, नर्स और प्रशासनिक कर्मचारी सहित अस्पताल के सभी कर्मचारियों को सुरक्षा खतरों की पहचान कर उससे निपटने के लिए प्रशिक्षित करने को कहा गया है। अस्पताल के अधिकारियों को स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाओं के साथ घटना की स्थिति में सघन समन्वय सुनिश्चित करना चाहिए। महिला कार्मिकों को ड्यूटी के दौरान परिसरों में रक्षक दल की सुविधा दी जानी चाहिए। रात में महिलाओं की किसी प्रकार की आवाजाही के लिए सुरक्षित यातायात का प्रबंध किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने विभिन्न प्रकार की आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए व्यापक योजना की रूपरेखा तैयार करने की भी सलाह दी है।

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर आज प्रदेश भाजपा की ओर से जयपुर में कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में पार्टी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित कई मंत्री सांसद और विधायक तथा जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी शामिल हुए हैं।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कल अजमेर में फॉयसागर झील पर उच्च क्षमता के नए पंपों का शुभारम्भ किया। इससे अब शहर के 15 जोन में पानी की आपूर्ति में सुधार हो सकेगा। शहर की पेयजल व्यवस्था को और गति देने के लिए 66 लाख रुपये की लागत से यह पम्प लगाए गए हैं। इसके तहत 25 एच पी के दो पंप सेट फॉयसागर झील और 30 एच पी के दो पंप सेट आनासागर पम्प हाऊस पर लगाए गए हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की ईआरसीपी योजना से अजमेर के फॉयसागर को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पेयजल की उपलब्धता का स्थायी रूप से समाधान होगा।

श्री देवनानी ने कहा कि हाल ही में राज्य के बजट में जिले के लिए मिली कई सौगातों के तहत नसीराबाद से अजमेर के नौसर तक नई पाइप लाइन डाली जाएगी।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती आज देशभर में सद्‌भावना दिवस के रूप में मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया संदेश के माध्यम से राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। सद्‌भावना दिवस पर प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से

राजीव गांधी को याद किया जा रहा है। झालावाड़ और सवाईमाधोपुर में कांग्रेस के विभिन्न संगठनों की ओर से श्रद्धांजलि सभा सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हनुमानगढ में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की ओर से जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित कर राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी जा रही है। करौली और जैसलमेर में कांग्रेस कार्यालय पर संगोष्ठी रखी गई है। भीलवाडा में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जा रहा है।

राज्य में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई। पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं भारी से अति भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार सबसे ज्यादा 13 सेंटीमीटर बारिश अलवर के बानसूर में हुई। चूरू के राजगढ़ में 10 सेंटीमीटर, बहरोड़ में 9, मंडावर, खैरथल, बहादुरपुर और भरतपुर के भुसावर में 8–8 सेंटीमीटर पानी बरसा।

इस बीच, झालावाड़ में आज कहीं–कहीं तेज तो कहीं बूंदाबांदी के समाचार हैं। जैसलमेर में हुई तेज बारिश से राम सरोवर तालाब लबालब हो गया है। मौसम केन्द्र के अनुसार आज जयपुर, भरतपुर, अलवर, धौलपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, दौसा, टोंक, बारां, कोटा, बूंदी, झालावाड, चित्तौडगढ और राजसमंद में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।